# वार्षिक प्रतिवेदन

## सत्र–1 अप्रैल, 2025 से 31 मार्च, 2026

## राजकीय महाविद्यालय, जसिया (रोहतक)

**महाविद्यालय इतिहासः**

राजकीय महाविद्यालय जसिया का प्राारंभ जसिया तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए मई, 2013 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जसिया में किया गया। महाविद्यालय के नवीन भवन के निर्माण का शिलान्यास तत्कालीन सांसद श्री दीपेंद्र सिंह हुड्डा के कर कमलों द्वारों अगस्त 2013 को संपन्न हुआ। जुलाई 2018 में राजकीय महाविद्यालय जसिया का नया भवन बनकर तैयार हुआ तथा महाविद्यालय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जसिया से नवीनतम भवन में स्थानांतरित हो गया । यह महाविद्यालय 165 विद्यार्थियों, 5 शिक्षको व 3 गैर शैक्षणिक कर्मचारियों से आरभं हुआ व वर्तमान में यह महाविद्यालय परिवार आज 600 विद्यार्थियों, 21 शिक्षको तथा 11 गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के सम्पूर्ण परिवार में परिवर्तित होकर उन्नति के पथ पर अग्रसर है।

**भवन निर्माणः**

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए महाविद्यालय के पास एक बहुत ही सुव्यवस्थित इमारत है। हरियाणा सरकार की देख रेख में महाविद्यालय के तीन मंजिला भव्य भवन का निर्माण किया गया। इस भवन में प्राचार्य /प्राचार्या कार्यालय, स्टाफ रूम, प्रशासनिक कार्यालय, संगोष्ठी कक्ष के साथ साथ शैक्षणिक कार्य के लिए एक मनोविज्ञान प्रयोगशाला, दो भूगोल प्रयोगशाला, एक कंप्यूटर प्रयोगशाला, एक स्मार्ट कक्ष तथा पर्याप्त शिक्षण कक्ष है। महाविद्यालय में विभिन्न प्रकोष्ठ जैसे प्लेसमेंट प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ, एन.एस.एस, वाई.आर.सी. आदि के कार्यालय सहित कुल 48 कमरे है।

## महाविद्यालय परिवारः

वर्तमान में हमारे महाविद्यालय में प्राचार्या एवं 21 नियमित प्राध्यापक है। डॉ. दीपक गणित विभाग, डॉ. प्रवीन कुमारी अर्थशास्त्र विभाग और डॉ. बसंत शारीरिक शिक्षा विभाग में प्रतिनियुक्ति होकर आए हैं। आउट सोर्स पर एक लैब अटेंडेंट, एक माली और एक स्वीपर है। महाविद्यालय में नॉन टीचिंग स्टाफ में एक उपअधीक्षक, एक सहायक, एक लिपिक, एक स्टेनो टाइपिस्ट, एक जे.एल.ए., दो एल.ए. तथा आठ पद ग्रुप डी के लिए स्वीकृत हैं। जिसमें से केवल एक सहायक, एक लिपिक, तीन ग्रुप डी और एक जे.एल.ए. के पद पर नियमित कर्मचारी कार्यरत है। स्टेनो का पद रिक्त है। पुस्तकालय विभाग में तीन पद स्वीकृत हैं एवं सभी पद रिक्त है।

## बर्सर

डॉ. बबीता (वाणिज्य विभाग) बर्सर के पद पर सुशोभित हैं।

## रजिस्ट्रार

डॉ. सतीश कुमार प्राध्यापक अंग्रेजी विभाग, रजिस्ट्रार के पद पर सुशोभित है। श्री मुकेश भारद्वाज लैब अटेंडेंट के सहयोग से पूर्ण निष्ठा एवं लगन से विश्वविद्यालय से संबधित कार्यो का निर्वहन कर रहे हैं।

## वार्षिक परीक्षा परिणाम वर्ष 2024–2025

**स्नातक कला संकाय एवं वाणिज्य संकाय (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष)**

Govt. College Jassia (Rohtak)
All classes result for the session 2024-25 (B.A /B.com)

| Class | Total students | Appeared in Exam | Total Pass | Total Fail | College % | University % | Difference % |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| B.A 1st SEM | 239 | 217 | 35 | 182 | 16.12 | 23.62 | -7.5 |
| B.A 2nd SEM | 238 | 206 | 45 | 161 | 27.95 | 26.97 | 0.98 |
| B.A 3rd SEM | 191 | 164 | 65 | 99 | 39.63 | 44.21 | -4.58 |
| B.A 4th SEM | 191 | 160 | 66 | 94 | 41.25 | 42.67 | -1.42 |
| B.A 5th SEM | 168 | 158 | 82 | 76 | 51.89 | 50.96 | 0.93 |
| B.A 6th SEM | 168 | 151 | 92 | 59 | 60.92 | 53.29 | 7.63 |
| M. A. 1st sem | 34 | 30 | 18 | 12 | 60 | | |
| M.A. 2nd sem | 34 | 27 | 25 | 2 | 92.59 | 66.67 | 25.92 |

Govt. College Jassia (Rohtak)
All classes result for the session 2024-25

| Class | Total students | Appeared in Exam | Total Pass | Total Fail | College % | University % | Difference |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| B.COM 1st SEM | 19 | 18 | 6 | 12 | 33.33 | 34.60 | -1.27 |
| B.COM 2nd SEM | 19 | 14 | 2 | 12 | 14.28 | 31.58 | -17.3 |
| B.COM 3rd SEM | 10 | 10 | 3 | 7 | 30 | 44.83 | -10.83 |
| B.COM 4th SEM | 10 | 10 | 2 | 8 | 20 | 43.41 | -23.41 |
| B.COM 5th SEM | 12 | 12 | 2 | 10 | 16.66 | 53.39 | -36.73 |
| B.COM 6th SEM | 12 | 11 | 8 | 3 | 72.72 | 60.28 | 12.44 |

## विद्यार्थी संख्या एवं संकायः

महाविद्यालय के सत्र 2025–26 में विद्यार्थियों की कुल संख्या 600 हैं।

संकाय अनुसार विवरण इस प्रकार हैः–

| संकाय | वर्ष | छात्र | छात्राए | कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|
| बी. ए. | प्रथम वर्ष | 108 | 64 | 172 |
| बी. ए. | द्वितीय वर्ष | 120 | 61 | 181 |
| बी. ए. | तृतीय वर्ष | 107 | 48 | 155 |
| बी.कॉम. | प्रथम वर्ष | 8 | 5 | 13 |
| बी.कॉम. | द्वितीय वर्ष | 9 | 6 | 15 |
| बी.कॉम. | तृतीय वर्ष | 10 | 0 | 10 |
| एम्. ए. | प्रथम वर्ष | 10 | 14 | 25 |
| एम्. ए. | द्वितीय वर्ष | 15 | 15 | 29 |

### राष्ट्रीय पर्व

महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस उत्साहपूर्वक मनाए गए। 21 जून, 2025 को योग दिवस मनाया गया ।

### मंच संचालन

महाविद्यालय के प्रांगण में वर्ष भर आयोजित गतिविधियों में मंच संचालन का उत्तरदायित्व डॉ. बसंत ने कुशलतापूर्वक निभाया ।

### शैक्षणिक पाठ्यक्रमः

हरियाणा के रोहतक जिले के ग्रामीण क्षेत्र में स्थित यह महाविद्यालय जसिया और आसपास के क्षेत्रों के 600 से अधिक विद्यार्थियों की शैक्षिणक आवश्यकताओं को पूरा करता है। अत्यधिक समर्पित और अनुभवी शिक्षकगण के कुशल मार्ग दर्शन व नियमित पर्यवेक्षण में यहाँ बी.ए. और बी.कॉम. के दो स्नातक एवं एक स्नात्कोत्तर (भूगोल विषय) पाठ्यक्रम चल रहे हैं।

## प्रशासनिक निकाय

### मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद, प्रभारीः डॉ.मीनाक्षी दहिया

हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि महाविद्यालय **NAAC** से **B Grade** के साथ एक सराहनीय स्कोर लेकर मान्यता प्राप्त कर चुका है ।

### आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, IQAC प्रभारीः डॉ0 मीनाक्षी कादयान

आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC), राजकीय महाविद्यालय, जसिया (रोहतक) द्वारा दिनांक 06 अगस्त 2025 को नवप्रवेशी छात्रों के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए विद्यार्थियों को महाविद्यालय के शैक्षणिक

वातावरण, नियमों, सुविधाओं तथा सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों से अवगत करवाना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को महाविद्यालय की नीतियों, अनुशासन, पुस्तकालय, खेल, एन.एस.एस. तथा अन्य शैक्षणिक संसाधनों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, विद्यार्थियों को उनके समग्र विकास हेतु प्रेरित किया गया। यह कार्यक्रम नवप्रवेशी छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं मार्गदर्शक सिद्ध हुआ। दिनांक 20 नवम्बर 2025 को IQAC, राजकीय महाविद्यालय, जसिया (रोहतक) द्वारा शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ के लिए "वित्तीय बिलों की मानक संचालन प्रक्रिया (Standard Operating Procedure - SOP)" विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान का उद्देश्य स्टाफ को वित्तीय कार्यों में पारदर्शिता, सटीकता एवं निर्धारित नियमों के पालन के प्रति जागरूक करना था। विशेषज्ञ वक्ता द्वारा बिल तैयार करने की प्रक्रिया, अनुमोदन, आवश्यक दस्तावेजों तथा समयबद्ध कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, प्रभारीः डॉ. शिवानी

**यूजीसी की विभिन्न योजनाओं को लागू करने के लिए कॉलेज में यूजीसी कमेटी का गठन किया गया है।**

## रूसा, प्रभारीः डॉ. शिवानी

**राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान भारत में उच्च शिक्षा के लिए विकास की एक समग्र योजना है जो उच्च शिक्षण संस्थानों को रणनीतिक वित्त पोषण प्रदान करती है।**

## पढो और कमाओ, प्रभारीः श्रीमती सुप्रिया धनखड

मेधावी और ज़रूरतमंद छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए , कॉलेज ने राज्य सरकार द्वारा वित् पोषित 'अर्न व्हाइल यू लर्न ' योजना लागू की है। यह योजना छात्रों को अपने खर्चों को पूरा करने के लिए सीखते हुए कमाई करने की अनुमति देती है। इस वर्ष योजना के लिए ₹37000 की ग्रांट प्राप्त हुई । इस वर्ष 11 छात्र/छात्राओं को प्रशासनिक कार्यालय, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं और कम्प्यूटर लैब आदि में काम करने का अवसर प्रदान किया गया है।

### शैक्षणिक भ्रमण प्रभारीः– डॉ. सन्दीप कुमार

निदेशालय उच्चतर शिक्षा विभाग, पंचकूला (हरियाणा) से प्राप्त शैक्षणिक भ्रमण ग्रांट (2025-26) का उपयोग करते हुए राजकीय महाविद्यालय, जसिया (रोहतक) के विद्यार्थियों ने 28 जनवरी, 2026 को मोरनी हिल्स, पंचकूला के विभिन्न स्थानों का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया । इस दौरान छात्रों ने प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर पर्यटन स्थल टिकर ताल का भ्रमण कर बोटिंग का आनंद लिया और इसके बाद छोटा टिकर तक ट्रैकिंग की । हालांकि एडवेंचर पार्क में मेंटेनेंस कार्य के कारण वे वहां का अवलोकन नहीं कर पाए, लेकिन इस हिल स्टेशन की यात्रा ने उन्हें प्रकृति के करीब रहकर मानसिक शांति और पारिस्थितिकी तंत्र को समझने का अवसर प्रदान किया । इसके पश्चात विद्यार्थियों ने मोरनी गांव में स्थित ऐतिहासिक मोरनी किले का भ्रमण किया, जो 17वीं शताब्दी

की स्थापत्य कला का अद्भुत नमूना है । यहाँ विद्यार्थियों को हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं और ऐतिहासिक कलाकृतियों के बारे में विस्तृत रूप से जानने का अवसर प्राप्त हुआ । इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण और सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं । इस शैक्षणिक यात्रा के प्रभारी डॉ. संदीप कुमार और यात्रा समिति के सदस्य डॉ. दीपक कुमार ने पूरे भ्रमण के दौरान छात्रों का मार्गदर्शन किया और उन्हें इन स्थलों के ऐतिहासिक व भौगोलिक महत्व की जानकारी प्रदान की ।

<u>छात्रवृत्तियां, प्रभारीः श्री कुलदीप</u>

यह प्रकोष्ठ सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति, मेधावी जरूरतमंद छात्र–छात्राओं आदि के लिए छात्रवृत्तियां प्रदान करने का कार्य निष्पादित करती है। विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न वर्गों की छात्रवृतियाँ इस वर्ष प्रदान की गई।

स्नातक स्तर तक विद्याार्थियों को दी जाने वाली छात्रवृतियाँ :–

1.अनुसूचित जाति की छात्रवृतियाँ – 73

2.पिछड़े वर्ग की छात्राओं की छात्रवृतियाँ – 12

3.हरियाणा मैरिट स्कॉलरशिप (**Top Ten Fresh** 2024–25)– 04

4.हरियाणा मैरिट स्कॉलरशिप (**Top Ten Renewal** 2024–25) –04

5.हरियाणा स्टेट मैरिट स्कॉलरशिप (**Haryana State Meritorious Incentive Scheme**–12

कुल छात्रवृतियाँ–105

महाविद्यालय में छात्रवृतियों से सम्बन्धित कार्य नोडल अधिकारी श्री कुलदीप व श्रीमती गीता बजाज के मार्ग दर्शन में किया जाता है।

<u>इंटरनेट</u>

श्रीमती रिचा, प्राध्यापिका वाणिज्य विभाग की देखरेख में इंटरनेट के अंतर्गत ब्रॉडबैंड कनेक्शन अन्य आई. टी. सेल से सम्बन्धी कार्य वर्षभर सुचारू रूप से चलते रहे

<u>पुस्तकालय, प्रभारीः डॉ. सतीश कुमार</u>

महाविद्यालय में छात्र व छात्राओं के लिए एक पुस्तकालय है, जिसमें एक साथ लगभग 100 विद्यार्थी अध्ययन कर सकते हैं। पुस्तकालय में चार कंप्यूटर, तीन प्रिंटर व इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है । वर्तमान में पुस्तकालय में 3639 पुस्तकें उपलब्ध है, जिसमें पाठ्य–पुस्तकों व सामान्य पुस्तकों के साथ–साथ प्रतिस्पर्धा से संबंधित पुस्तकें भी उपलब्ध है । पुस्तकालय में विद्यार्थियों के लिए तीन समाचार पत्र मंगवाये जाते हैं। जिनसे विद्यार्थी

हिंदी व अंग्रेजी भाषा में ताजा समाचार व आसपास में होने वाली गतिविधियों का ज्ञान प्राप्त करते हैं । विद्यार्थियों के लिए पुस्तकालय सभी कार्य दिवसों पर 9 से 4 बजे तक खुला रहता है । पुस्तकालय का कार्य भार वर्तमान में अंग्रेजी के प्राध्यापक डॉ. सतीश कुमार संभाल रहे हैं। पुस्तकालय में एक सुख सहायक श्रीमती कविता विद्यार्थियों की सहायता के लिए हर वक्त उपलब्ध रहती है ।

मेंटर–मेंटी, प्रभारीः श्रीमती अर्चना

छात्रों और शिक्षकों के बीच के सम्बन्ध को और मजबूत करने के लिए महाविद्यालय द्वारा मेंटर मेंटी परंपरा को अपनाया गया है । महाविद्यालय के सभी विधार्थियों को 35 से 40 छात्रों के छोटे–छोटे समूहों में विभाजित किया गया हैं। प्रत्येक समूह को एक संरक्षक शिक्षक आवंटित किया जाता है जो महाविद्यालय में रहने के दौरान और उसके बाद भी उन छात्रों के कार्यवाहक और मार्गदर्शक के रूप में कार्य करता है । इस परंपरा के तहत नियमित ट्यूटोरियल बैठकें आयोजित की जाती हैं, जहां छात्रों को उनके शिक्षकों द्वारा संस्थान से संबंधित विभिन्न मुद्दों जैसे परिसर में अनुशासन, स्वच्छता के महत्व नियमित उपस्थिति, परीक्षा पैटर्न, पुस्तकालय का उपयोग आदि के बारे में निर्देशित किया जाता है । उन्हें जीवन में चरित्र और व्यक्तित्व के महत्व के बारे में भी जागरूक किया जाता है। समय समय पर शिक्षकों द्वारा समाज के प्रति छात्रों के दायित्व पर प्रकाश डाला जाता है।

अनुशासन और आंतरिक शिकायत समिति प्रभारीः डॉ. मीनाक्षी काद्यान

छात्रों में अनुशासन की आदत डालने पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिससे वे न केवल अपनी प्रगति के लिए काम करें बल्कि अच्छे नागरिक भी बनें और देश को आगे बढ़ाएं। इस उद्देश्य के लिए एक अनुशासन समिति और एंटी रैगिंग सेल का गठन किया गया है जिसे परिसर में अनुशासन बनाए रखने और छात्रों को परिसर को स्वच्छ और शांतिपूर्ण रखने के लिए मार्गदर्शन करने का कार्य सौंपा गया है। परिसर में छेड़खानी और यौन उत्पीड़न के खिलाफ छात्राओं और महिला कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए एक आंतरिक शिकायत समिति और यौन उत्पीड़न प्रकोष्ठ का गठन किया गया है । यह हमारे लिए गर्व की बात है कि महाविद्यालय परिसर में आज तक कोई भी इस तरह की घटना नही हुई है |

## खेल गतिविधियां, प्रभारीः डॉ– मीनाक्षी कादयान

महाविद्यालय में जून 2025 में योग सप्ताह मनाया गया जिसमें 6 जून से 12 जून तक योग से संबंधित क्रियाएं करवाई गई । 21 जून को महाविद्यालय प्रांगण में महाविद्यालय स्टाफ और विद्यार्थियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया । 29 अगस्त से 31 अगस्त तक हायर एजुकेशन के दिशा निर्देश अनुसार राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया जिसमें टग ऑफ वार, योग, रस्सी कूदना, खो खो और दौड़ जैसी गतिविधियां विद्यार्थियों द्वारा करवाई गई । सितंबर 2025 में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पिस्टल शूटिंग और राइफल शूटिंग में महाविद्यालय के बीए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी मोहित राणा ने भाग लिया। 31 अक्टूबर 2025 को रन फॉर यूनिटी में महाविद्यालय के 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा अंतर कक्षा प्रतियोगिता में खो-खो और रस्सा-कसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज रेसलिंग महिला प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा हिमांशी ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया । 15 नवंबर 2025 को महाविद्यालय के खेल प्रांगण में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें समस्त कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ़.चढ़कर भाग लिया छात्र और छात्राए के लिए अलग-अलग इवेंट रखे गए और **छात्रा योगिता (बी. ए. प्रथम वर्ष) तथा तथा छात्र साहिल (बी. ए. द्वीतीय वर्ष)** सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए । दिसंबर 2025 में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें इंटर कॉलेज ग्रीको रोमन में हमारे विद्यार्थी **सुशांत ने स्वर्ण पदक हासिल किया और बीए तृतीय वर्ष** के **मनजीत ने सिल्वर मेडल** प्राप्त किया महाविद्यालय को ग्रीको रोमन प्रतियोगिता में **तृतीय स्थान** प्राप्त हुआ। महाविद्यालय के दोनों विद्यार्थियों ने अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लिया जो चंडीगढ़ में आयोजित की गई थी। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा 15 जनवरी 2026 को pencak silat इंटर कॉलेज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र **पवन ने स्वर्ण पदक** प्राप्त किया और उसका चयन अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए किया गया। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज कराटे प्रतियोगिता का आयोजन 17 और 18 फरवरी 2026 को किया गया जिसमें महाविद्यालय के द्वितीय वर्ष के छात्र **हर्ष और हिमांशु ने स्वर्ण** पदक प्राप्त किया और दोनों विद्यार्थियों का चयन अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता

के लिए किया गया। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा इंटर कॉलेज खो खो का आयोजन 20 फरवरी 2026 को किया गया जिसमें महाविद्यालय की टीम ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना, प्रभारी: श्री कुलदीप

दिनांक 08 अप्रैल 2025 को महाविद्यालय में नशा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया | दिनांक 11 अप्रैल 2025 को डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के जन्मदिवस के अवसर पर महाविद्यालय में प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | दिनांक 07 मई 2025 को महाविधालय के विधार्थियों को सिविल डिफेन्स मोक ड्रिल का अभ्यास करवाया गया | दिनांक 21जून 2025 को महाविद्यालय में योग दिवस पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया | दिनांक 13.08.2025 को महाविद्यालय के NSS वालंटियर्स द्वारा महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित "तिरंगा यात्रा" में भाग लिया | दिनांक 15 अगस्त 2025 को महाविद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण कर आजादी का महोत्सव मनाया गया | दिनांक 09 सितम्बर 2025 को महाविद्यालय में NSS यूनिट द्वारा एक दिवसीय शिविर और अभिमुखी करण कार्यक्रम का आयोजन किया गया महाविद्यालय में दिनांक 12 सितम्बर 2025 को (National Task Force) द्वारा निर्देशित सर्वेक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया |महाविद्यालय में दिनांक 24 सितम्बर 2025 को NSS Day पर ऑनलाइन क्विज व सेल्फी प्रतियोगिता आयोजित की गई | दिनांक 08 अक्टूबर 2025 को महाविद्यालय में NSS इकाई के तत्वाधान में जसिया गाँव में जाटान चौपाल में निशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन करवाया गया | दिनांक 10 अक्टूबर 2025 को महाविद्यालय में NSS यूनिट द्वारा एक दिवसीय शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया| दिनांक 03 नवम्बर 2025 को महाविद्यालय में NSS यूनिट द्वारा एक दिवसीय शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया | जिसमे विद्यार्थियों ने सौंदर्यीकरण हेतु बागबानी से संबंधित कार्य किया | महाविद्यालय में दिनांक 07 नवम्बर 2025 को राष्ट्रीय गीत की 150वीं वर्षगाठ का कार्यक्रम मनाया गया | महाविद्यालय में दिनांक 27 नवम्बर 2025 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 17 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया | महाविद्यालय में दिनांक 12जनवरी 2026 को स्वामी विवेकानंद के जन्मोत्सव पर स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया | दिनांक 03 फरवरी 2026 को महाविद्यालय NSS यूनिट के वालंटियर्स ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में एक दिवसीय NSS कैंप में भाग लिया | दिनांक 14 फरवरी 2026 से 20 फरवरी 2026 तक महाविद्यालय में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया |

## दिव्यांगजन के लिए समान अवसर प्रकोष्ठ, प्रभारी: डॉ. जोगिन्द्र सिंह

**दिव्यांगजन के लिए समान अवसर प्रकोष्ठ के प्रभारी के रूप में दिव्यांगजन छात्रों को** विशेष **सुविधा और देखभाल प्रदान की जाती है।** छात्रों को ई -लार्निंग पोर्टल तथा कॉलेज वेबसाइट से अद्यतन होने के लिए नियमित तौर पर प्रेरित किया जाता है। **दिव्यांगजन प्रकोष्ठ विशेष रूप से दिव्यांग छात्रों के समग्र विकास और उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए**

**कार्यरत है, यह प्रकोष्ठ संस्थान में समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्य करता है, जिससे दिव्यांग विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो । संस्थान में दिव्यांग छात्रों की सुविधा के लिए रैंप तथा विशेष शौचालय की व्यवस्था की गई है।**

नशा मुक्ति जागरूकता प्रकोष्ठ**:- डॉ. जोगिन्द्र** सिंह

दिनांक 08 अप्रैल 2025 को महाविद्यालय में नशा मुक्ति जागरूकता रैली का आयोजन किया गया|

**आयकर जांच प्रकोष्ठ, प्रभारीः** डॉ. शिवानी

**आयकर जाँच समिति प्रभारी के रूप में कार्यालय के सभी उत्तरदायी कर्मचारियों का आयकर समय पर सत्यापन किया गया। जिसकी रिपोर्ट आवश्यक कार्रवाई के लिए कार्यालय को प्रस्तुत की गई है ।**

**सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रभारीः** श्रीमती प्रीती

भारत त्योहारों का देश है और यहाँ हर मौसम और हर महीने की अपनी एक खास रौनक होती है। त्योहार न केवल हमारे जीवन में रंग भरते हैं, बल्कि ये मेल-जोल और खुशियाँ बांटने का भी एक शानदार जरिया हैं।त्योहारों की यह विविधता ही हमारी संस्कृति को खास बनाती है। 25 जुलाई 2025 को तीज महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। 21 सितंबर 2025 को प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का कॉलेज प्रांगण में सफल आयोजन किया गया। 3 नवंबर 2025 को हरियाणा दिवस मनाया गया। 6 नवंबर 2025 से 8 नवंबर 2025 तक विद्यार्थियों ने जोनल यूथ फेस्टिवल के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। 15 नवंबर 2025 को सांस्कृतिक समिति ने जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया । 13 जनवरी 2026 को लोहड़ी दिवस विद्यार्थियों के साथ अपनी पुरानी परंपराओं को जीवंत करते हुए मनाया गया। पत्र क्रमांक संख्या 4/5/2025/NPE-2 दिनांक 02 फरवरी 2026 के तहत सत्र 2025–26 के सांस्कृतिक उत्सव के लिए ₹29,500 (उनतीस हजार पाँच सौ रुपये) की राशि प्राप्त हुई, जिसके अंतर्गत "उल्लास–26" का सफल आयोजन किया गया।

रेड रिबन क्लब, यूथ रेड क्रास, मेडिकल व हेल्थ प्रभारी:- श्रीमती रिचा

12 अगस्त 2025 से 10 सितंबर 2025 तक कॉलेज में यूथ रेड क्रॉस और रेड रिबन क्लब के इंचार्ज के मार्गदर्शन में एचआईवी एड्स के बारे में जागरुकता फैलाने के लिए गतिविधियां आयोजित की गई है।एचआइवी एड्स पर जागरूकता व्याखान 22 अगस्त 2०25 को आयोजित करवाया गया| इस सत्र में विद्यार्थियों को एचआइवी एड्स के कारण, बचाव और इससे जुड़ी गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई है। 27 अगस्त 2025 विद्यार्थियों में जागरुकता बढ़ाने की लिए पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

**प्लेसमेंट सेल वार्षिक गतिविधियां, प्रभारीः** डॉ. प्रीती

प्लेसमेंट सेल राजकीय महाविद्यालय, जसिया को विभाग की तरफ से ₹10200/- (87-ओनरेरियम) तथा ₹6992/- (24 M&S) की अनुदान प्राप्त हुई। प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत 21 अगस्त से 4 सितंबर 2025 तक "उद्यमिता पखवाड़ा" का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं उद्यमिता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। 22 अगस्त 2025 को स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई | 23 अगस्त 2025 को "करियर काउंसलिंग" विषय पर एक विस्तार व्याख्यान आयोजित हुआ | 27 अगस्त 2025 को वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | 29 अगस्त 2025 को पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई | 4 सितंबर 2025 को "ग्रामीण क्षेत्रों में व्यवसाय की संभावनाएँ" विषय पर विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया | इन सभी गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में उद्यमिता के प्रति जागरूकता, रचनात्मकता एवं व्यावसायिक समझ का विकास हुआ। प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत प्रोफेशनल स्किल एवं करियर डेवलपमेंट विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन दिनांक 31 अक्टूबर 2025 को किया गया | 11 एवं 12 नवंबर 2025 को दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका विषय पर्सनैलिटी डेवलपमेंट रहा |

परामर्श प्रकोष्ठ, **प्रभारी :** डॉ. संदीप कुमार

12 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई और परामर्श प्रकोष्ठ (Counselling Cell) ने संयुक्त रूप से छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर एक महत्वपूर्ण सर्वेक्षण (Survey) का आयोजन किया। विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु 30 अक्टूबर 2025 को काउंसलिंग सेल की ओर से मानसिक स्वास्थ्य विषय पर ड्राइंग एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**महिला प्रकोष्ठ, प्रभारीः** डॉ. मीनाक्षी दहिया

महिला प्रकोष्ठ का उद्देश्य छात्राओं के सर्वांगीण विकास, स्वास्थ्य जागरूकता, कौशल संवर्धन, लैंगिक समानता तथा सांस्कृतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करना है। सत्र 2025–26 के दौरान विभिन्न शैक्षणिक, स्वास्थ्य, सांस्कृतिक एवं कौशल आधारित गतिविधियाँ आयोजित की गईं | 26 जुलाई 2025 को महाविद्यालय प्रांगण में तीज महोत्सव पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। छात्राओं ने लोकगीत, नृत्य एवं पारंपरिक वेशभूषा के माध्यम से भारतीय संस्कृति को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम ने सांस्कृतिक जागरूकता एवं सहभागिता को बढ़ावा दिया। 08

अक्टूबर 2025 को छात्राओं एवं स्टाफ के लिए नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। विशेषज्ञों द्वारा जांच एवं आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया, जिससे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी। 09 अक्टूबर 2025 को करवा चौथ के उपलक्ष्य में छात्राओं के लिए मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस गतिविधि से पारंपरिक कला, रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक मूल्यों को प्रोत्साहन मिला। 13 नवम्बर 2025 को "आत्मनिर्भर भारत और लैंगिक समानता" विषय पर विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया | इस व्याख्यान का उद्देश्य छात्राओं को आत्मनिर्भरता, समान अवसर एवं महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करना था। 17 नवम्बर 2025 से 22 नवम्बर 2025 को आर्ट एंड क्राफ्ट छह दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया | इस कार्यशाला में छात्राओं ने विभिन्न हस्तकलाओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इससे उनकी रचनात्मक क्षमता एवं स्वरोजगार की संभावनाओं का विकास हुआ। 27 नवम्बर 2025 को मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किय गया | विशेषज्ञ द्वारा तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच एवं मानसिक संतुलन के महत्व पर मार्गदर्शन दिया गया। 13 जनवरी 2026 को महाविद्यालय परिसर में लोहड़ी एवं मकर संक्रांति उत्सव पारंपरिक उत्साह के साथ मनाए गए। कार्यक्रम ने सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ किया। 27 जनवरी 2026 को Menstrual Health & Gynaecological Disorders: An Ayurvedic Perspective" पर विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया | इस सत्र में मासिक धर्म स्वास्थ्य, स्त्री रोग संबंधी समस्याओं तथा आयुर्वेदिक जीवनशैली के माध्यम से स्वास्थ्य संरक्षण की जानकारी दी गई। छात्राओं की शंकाओं का समाधान भी किया गया।

## कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ एवं सड़क सुरक्षा प्रभारी:– डॉ. दीपक

राजकीय महाविद्यालय जसिया, रोहतक में दिनांक 02 फरवरी 2026 को सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण नियमों, यातायात संकेतों, सुरक्षित वाहन चलाने की विधियों, हेलमेट/सीट बेल्ट के उपयोग, ओवर-स्पीडिंग एवं मोबाइल फोन के प्रयोग से होने वाले खतरों तथा दुर्घटना में प्राथमिक उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी

## योग क्लब प्रभारी:– मीनाक्षी कादयान

योग क्लब द्वारा 21 जून, 2025 को महाविद्यालय प्रांगण में विश्व योग दिवस मनाया गया। योग क्लब के द्वारा प्रत्येक सोमवार को सुबह 8:15 से 9:00 तक योग व ध्यान का विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों के लिए सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

## आउटरीच कार्यक्रम प्रभारी: डॉ0 मीनू रानी

**आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत 'जरूरतमंद लोगों के बीच पुराने कपड़ों का संग्रह और वितरण' कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्टाफ सदस्यों और छात्रों के योगदान से कॉलेज**

**परिसर में पुराने कपड़े और खाद्य सामग्री लोहान भट्टा में काम करने वाले मजदूरों को वितरित किए गए।**

## विभागीय गतिविधियाँ

### हिंदी विभागः

14 सितंबर 2025 को महाविद्यालय में हिंदी दिवस मनाया गया। 10 जनवरी 2026 विश्व हिंदी दिवस पर कविता पाठ करवाया गया जिसमें महाविद्यालय की विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया । 21 फरवरी 2026 को मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया ।

### अंग्रेजी विभागः

अंग्रेजी भाषा में निपुणता बढ़ाने के लिए समय-समय पर अनेक प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया जाता हैं । इन प्रतिस्पर्धाओं में निबंध लेखन, भाषण प्रतिस्पर्धाओं से संबंधित अंग्रेजी विषय का ज्ञान दिया जाता है। इस वर्ष अंग्रेजी विभाग के द्वारा निबंध लेखन प्रतियोगिता 05 सितम्बर 2025 व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 14 नवम्बर 2025 को किया गया |

### भूगोल विभाग

भूगोल विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन हेतु विभिन्न व्याख्यानों एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों को विषय की नवीनतम अवधारणाओं, तकनीकों तथा करियर अवसरों से अवगत कराना रहा। दिनांक: 2 सितम्बर 2025 को भूगोल विभाग द्वारा "क्लाउड बर्स्ट" विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान डॉ. विनोद कुमार, सहायक प्रोफेसर, भूगोल विभाग, राजकीय महाविद्यालय, मोखरा (रोहतक) द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने क्लाउड बर्स्ट की प्रक्रिया, कारणों तथा इसके प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी। दिनांक: 26 सितम्बर 2025 को "जियोस्पेशियल टेक्नोलॉजी एवं उसके अनुप्रयोग" विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. सीमा, सहायक प्रोफेसर, एमकेजेके कॉलेज, रोहतक ने विद्यार्थियों को GIS एवं रिमोट सेंसिंग की उपयोगिता तथा विभिन्न क्षेत्रों में उनके प्रयोग के बारे में अवगत कराया। दिनांक: 11 फरवरी 2026 को को "GIS एवं रिमोट सेंसिंग में करियर अवसर" विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इस व्याख्यान में विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाओं तथा आवश्यक कौशलों के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

### मनोविज्ञान विभाग

12 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई और परामर्श प्रकोष्ठ (Counselling Cell) ने संयुक्त रूप से छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर एक महत्वपूर्ण सर्वेक्षण (Survey) का आयोजन किया। विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु 30 अक्टूबर 2025 को

काउंसलिंग सेल की ओर से मानसिक स्वास्थ्य विषय पर ड्राइंग एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## सामाजिक विज्ञान समिति :

गुरु तेग बहादुर जी पर 24 नवम्बर 2025 को "Sikhism and role of Guru Teg Bahadur Ji" विस्तार व्याख्यान करवाया गया। 16 जनवरी 2026 को सामाजिक विज्ञान समिति के तत्वाधान में सरस्वती महोत्सव पर प्रश्नोत्तरी व व्याख्यान प्रतियोगिता करवाई गई |

## वाणिज्य विभाग:

8 अगस्त 2025 को ऑनलाइन माध्यम से "बहुराष्ट्रीय कंपनियों में उच्च वेतन वाली नौकरियों के रास्ते" विषय पर वेबिनार आयोजित किया गया । 10 सितंबर 2025 को "उधमिता पखवाड़ा" के अंतर्गत "अपने भीतर के उद्यमशीलता को जगाएं" विषय पर पोस्टर निर्माण और नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई । 29 सितंबर 2025 को "आज के परिदृश्य में वाणिज्य की प्रासंगिकता" विषय पर विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया । 14 नवंबर 2025 को वाणिज्य विषयों से संबंधित क्विज़ प्रतियोगिता आयोजित की गई ।

## अर्थशास्त्र विभाग:

संयोजिका **डा.** प्रवीन कुमारी **के** निर्देशन **में अर्थशास्त्र विभाग वर्ष भर** सक्रिय **रहा।**

## गणित विभाग:-

संयोजक **डा.** दीपक **के** निर्देशन **में** गणित **विभाग वर्ष भर** सक्रिय **रहा।**

## व्यक्तिगत उपलब्धियाँ

- **डॉ मीनाक्षी, सहायक प्राध्यापक, शारीरिक** शिक्षा **ने "Wellness and solid way of life" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। "Play Ground to Podium" विषय पर** पुस्तक प्रकाशित करवाई |
- **डॉ. मीनाक्षी, सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी** ने दिनांक 29–30 जनवरी, 2026 को आयोजित दो दिवसीय बहुविषयक अंतरराष्ट्रीय/राष्ट्रीय सम्मेलन में सक्रिय रूप से सहभागिता की। यह सम्मेलन "सतत भविष्य : शिक्षा, नवाचार एवं वैश्विक कल्याण के लिए बहुविषयक मार्ग" विषय पर आयोजित किया गया | यह सम्मेलन उच्च शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा प्रायोजित था तथा राजकीय कन्या महाविद्यालय, सेक्टर–52, गुरुग्राम द्वारा राजकीय महाविद्यालय, रिठोज, गुरुग्राम के सहयोग से सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में "नई शिक्षा नीति 2020 : उद्देश्य एवं लक्ष्य" विषय पर अपना शोध-पत्र प्रस्तुत किया। दिनांक 27 फरवरी 2026 को चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी जींद में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में "युवाओं में नशीले पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम में आत्म-नियमन प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रभावशीलता: एक मेटा-विश्लेषणात्मक अध्ययन" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया |

- डॉ रेखा सहायक प्राध्यापक वाणिज्य विभाग **ने** 24-26 नवंबर 2025 को कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय गीता कांफ्रेंस में भाग लिया।
- डॉ. शिवानी **सहायक प्राध्यापक वाणिज्य** विभाग **ने** 8 अगस्त 2025 को ऑनलाइन माध्यम से "बहुराष्ट्रीय कंपनियों में उच्च वेतन वाली नौकरियों के रास्ते" विषय पर वेबिनार आयोजित किया गया । 10 सितंबर 2025 को "उद्यमिता पखवाड़ा" के अंतर्गत "अपने भीतर के उद्यमशीलता को जगाएं" विषय पर पोस्टर निर्माण और नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई | 29 सितंबर 2025 को "आज के परिदृश्य में वाणिज्य की प्रासंगिकता" विषय पर विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया | 14 नवंबर 2025 को वाणिज्य विषयों से संबंधित क्विज़ प्रतियोगिता आयोजित की गई |
- श्रीमती ऋचा, सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य विभाग ने दिनांक 27 फरवरी 2026 को चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी जींद में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में "जोखिम में युवा: डोपिंग और नशीले पदार्थों का दुरुपयोग" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया |
- **डॉ. संदीप कुमार, सहायक प्राध्यापक, मनोविज्ञान विभाग:** 26 सितंबर, 2025 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के विकलांगता अध्ययन केंद्र द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में "विकलांग परिवारों में स्वास्थ्य, खुशी और जीवन की गुणवत्ता की गतिशीलता" विषय पर एक शोध पत्र प्रस्तुत किया । 29-30 जनवरी, 2026 को गुरुग्राम के सेक्टर 52 स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय बहु-विषयक सम्मेलन में "मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण: एक व्यापक समीक्षा" शीर्षक से एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- श्री कुलदीप, सहायक प्राध्यापक, इतिहास विभागः अमर स्मृति पुस्तक (ISBN: 9789348309112) में दो अध्याय :शीर्षक "identifying Saraswati river its history and archaeology"(एकल ) Archaeological investigations in Nabha Block, Patiala,Punjab (संयुक्त) प्रकाशित शोध पत्रिका "पुराप्रवाह", अंक 10, 2025 में "तिगड़ाना उत्खनन, जिला भिवानी: एक प्रारंभिक प्रतिवेदन" शीर्षक से संयुक्त शोध पत्र प्रकाशित राजकीय महाविद्यालय कोसली में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में "Role of women in political and economic institution" शीर्षक से विस्तार व्याख्यान दिया |

डॉ. दीपक, सहायक प्राध्यापक गणित**:-** 5 सितंबर 2025 को शाम 4 बजे से 6 बजे तक गणित विषय पर एक सत्र की अध्यक्षता की । गणितीय मॉडलिंग, सिमुलेशन और

कम्प्यूटेशनल पद्धति पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन गणित विषय पर (ICGAMS-2025) मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भोपाल, भारत के गणित, जैवसूचना विज्ञान और कंप्यूटर अनुप्रयोग विभाग द्वारा किया गया था।

- **डॉ जोगिंदर, सहायक प्राध्यापक, भूगोलः** राष्ट्रीय संगोष्ठी / अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शोध-पत्र प्रस्तुति डॉ. जोगिंदर सिंह ने भूगोल विभाग, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया तथा अपना शोध-पत्र प्रस्तुत किया। सम्मेलन का विषय था— "पर्यावरण–जनसंख्या अंतर्संबंध: विकसित भारत @2047 के लिए सतत मार्ग"। यह सम्मेलन पंजाब भूगोलविद् संघ (एपीजी) की 25वीं बैठक के साथ 28–29 अक्टूबर, 2025 को आयोजित हुआ।
- **डॉ प्रीति, सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी विभाग ने** दिनांक 29 - 30 जनवरी 2026 को राजकीय महाविद्यालय गुरुग्राम एवं राजकीय महाविद्यालय रिटोज द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में "रोल ऑफ़ ग्रीन इकोनामी इन सस्टेनेबल डेवलपमेंट" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया | दिनांक 27 फरवरी 2026 को चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी जींद में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में "मादक पदार्थों के दुरुपयोग" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया ।
- **श्रीमती प्रीति, सहायक प्राध्यापक, भूगोल विभाग ने** दिनांक 24 जनवरी 2026 को महम ब्लॉक, रोहतक ज़िले में "पेयजल स्रोतों का स्थानिक वितरण" विषय पर वैश्य महाविद्यालय, रोहतक द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध-पत्र प्रस्तुत किया।
- **डॉ. कविता, सहायक प्राध्यापक हिंदी विभाग ने** IJOSC अंतरराष्ट्रीय द्विमासिक पत्रिका नवंबर दिसंबर 2025 अंक में "मधु कांकरिया के कहानी संग्रह बीतते हुए में सामाजिक यथार्थ" शीर्षक से शोध पत्र प्रकाशित करवाया ।
- **श्रीमती अर्चना सहायक प्राध्यापक, भूगोल ने** दिनांक 29 - 30 जनवरी 2026 को राजकीय महाविद्यालय गुरुग्राम एवं राजकीय महाविद्यालय रिटोज द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में "रोल ऑफ़ ग्रीन इकोनामी इन सस्टेनेबल डेवलपमेंट" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया | दिनांक 27 फरवरी 2026 को चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी जींद में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में "मादक पदार्थों के दुरुपयोग" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया |

## शोक-संदेश:-

महाविद्यालय में कार्यरत प्रोफेसर डॉ राजकुमार सिवाच (राजनितिक विभाग) की माताजी, श्रीमती पतासो देवी का निधन 22 मार्च 2026 को हुआ।

## महाविद्यालय की आवश्यकताः–

किसी भी गतिशील संस्था के विकास के लिए आवश्यकताओं का होना स्वाभाविक है। अतः महाविद्यालय की भी कुछ आवश्यकता, है जो निम्न प्रकार हैः–

1. महाविद्यालय में बिजली व पानी जैसी आधारभूत सुविधाओं की कमी है।

2. विज्ञान की शिक्षा सम्पूर्ण शिक्षा का महत्वपूर्ण अंग है। अतः हमारे महाविद्यालय में विज्ञान संकाय की आवश्यकता है ताकि आस पास के विद्यार्थियों को विज्ञान विषय में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का सुनहरा अवसर प्राप्त हो सके।

3. बेरोजगारी की समस्या को देखते हुए विभिन्न व्यावसायिक कोर्स **(BBA/BCA)** आरम्भ करना महाविद्यालय की मुख्य आवश्यकता है।

4. महाविद्यालय में विद्यार्थियों के आवागमन को सुविधाजनक बनाने के लिए रास्ते के नवनिर्माण की आवश्यकता है।

5. महाविद्यालय जाने के लिए विद्यार्थियों को महाविद्यालय के सामने बस स्टॉप पर बस रूकवाने की आवश्यकता है।

अंत में, निष्कर्ष के रूप में यह कहा जा सकता है कि राजकीय महाविद्यालय जसिया प्राचार्या डॉ. सुदेश लाठर जी के कुशल मार्गदर्शन में दिनों दिन प्रगति पथ पर अग्रसर है। महाविद्यालय की प्रगति में महाविद्यालय परिवार (शिक्षण और गैर शिक्षण) स्टाफ सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है । आशा है कि महाविद्यालय के कर्मठ व सहयोगी स्टाफ सदस्यों के लगातार प्रयासों के फलस्वरूप महाविद्यालय भविष्य में भी इसी तरह प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगें।

आभार ज्ञापन

मैं आयुक्त एवं सचिव, शिक्षा विभाग (हरियाणा सरकार), निदेशक उच्चतर शिक्षा पंचकुला, हरियाणा, उपायुक्त रोहतक एवं जिला प्रशासन के अन्य अधिकारीगण, गांव जसिया एवं समीपवर्ती गांवों के पंच–सरपंचों व गांववासियों का आभार व्यक्त करती हूँ, जिन्होंने इस महाविद्यालय के विकास, प्रगति एवं कार्य संचालन में सहयोग दिया। महाविद्यालय के सभी सहयोगी प्राध्यापकवृन्द तथा अन्य सभी कर्मचारियों ने अपने कर्त्तव्यों को निष्ठापूर्वक

पूरा किया है। इस समारोह के अवसर पर मैं सभी का आभार व्यक्त करती हूँ। महाविद्यालय के सभी छात्र–छात्राओं ने अनुशासित रहकर शिक्षा, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा–क्षेत्र की गतिविधियों में प्रशंसनीय उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं। वे सभी बधाई के पात्र हैं। मैं अपने प्रिय विद्यार्थियों को विशिष्ट रूप से शुभकामनाएँ देती हूँ कि आने वाली परीक्षाओं तथा जीवन में सफलता प्राप्त करें।

इस वार्षिक–प्रतिवेदन को तैयार करने के लिए डॉ. कविता, डॉ. संदीप कुमार , डॉ. प्रीति, श्री मुकेश भारद्वाज लैब अटेंडेंट का भी हार्दिक धन्यवाद करती हूँ।

मैं उन सभी का एक बार पुनः धन्यवाद करती हूँ, जिनके प्रत्यक्ष एवं परोक्ष सहयोग से यह महाविद्यालय निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

धन्यवाद

प्रस्तुतकर्ताः–

डॉ. सुदेश लाठर,
एच–ई–एस–1
प्राचार्या
राजकीय महाविद्यालय
जसिया (रोहतक)